# 2015

( May )

HINDI

( Major )

Course : 601

( आधुनिक हिन्दी काव्य )

*Full Marks* : 80

*Pass Marks* : 32

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×8=8

(क) सुकुमार कल्पना के कवि कौन थे?

(ख) महेन्द्र भटनागर की किसी एक प्रमुख काव्य-रचना का नाम लिखिए।

(ग) किस कवि ने अपना उपनाम 'अंचल' रखा है?

(घ) मेदिनीपुर के महिषादल नगर में किस कवि का जन्म हुआ था?

(ङ) किस कवि को कायरों वाली शान्ति पसन्द नहीं है?

(च) 'उर्वशी' पर ज्ञानपीठ पुरस्कार किस कवि को मिला था?

( Turn Over )

(छ) हरिवंश राय 'बच्चन' किस 'वाद' के कवि माने जाते हैं?

(ज) किस आलोचक ने पहली बार 'छायावाद' नामकरण दिया था?

2. सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 8×2=

(क) बीती विभावरी जाग री।
खग कुल कुल-कुल सा बोल रहा
किसलय का अंचल डोल रहा।
लो, यह लतिका भी भर लाई—
मधु मुकुल नवल रस गागरी।

**अथवा**

मैं नीड़ भरी दुःख की बदली।
स्पन्दन में चिर निस्पंद बसा
क्रन्दन में आहत विश्व हंसा
नयनों में दीपक से जलते
पलकों में निर्झरिणी मचली।

(ख) तू मौन त्याग, कर सिंहनाद
रे तपी, आज तप का न काल,
नव युग-शंख ध्वनि जगा रही
तू जाग, जाग मेरे विशाल
मेरे नगपति! मेरे विशाल।

**अथवा**

होती विजय सत्य की
यह पुरानी परिभाषा है
जो विजयी हो गये
आज वही सत्य है।



( Continued



3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4×4=16

(क) हिमालय ने भारत की किस प्रकार रक्षा की?

(ख) प्रयोगवाद तथा नयी कविता के साम्य-वैषम्य बताइए।

(ग) महादेवी वर्मा को आधुनिक काल की 'मीरा' क्यों कहा जाता है?

(घ) गिरिजा कुमार माथुर के अनुसार आज के मनुष्य की प्रवृत्तियाँ क्या हैं?

4. निम्नलिखित में से किसी **एक** का साहित्यिक परिचय दीजिए : 15

सुमित्रानन्दन पन्त ; महादेवी वर्मा ; गिरिजा कुमार माथुर

5. 'परिवर्तन' **अथवा** 'जूही की कली' कविता की विशेषताओं को बताते हुए कविता का सारांश लिखिए। 10+5=15

6. 'नीड़ का निर्माण' शीर्षक कविता के बहाने कवि क्या सन्देश देना चाहते हैं? 10

**अथवा**

'काँटे कम से कम बोओ' का कवि संकट और संशय की स्थिति में मनुष्य से क्या आशा करता है?

★ ★ ★